शनिवार
31 दिसंबर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



धोखाः नौकरी के नाम पर मलेशिया में शौचालय साफ कर रहे इटाढ़ी के मजदूर 3

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

### ब्लैक फ्राइडे : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां का 100 साल की उम्र में निधन, शोक में डूबा देश

# दु:खद... मोदी को छोड़ गईं मां हीराबेन

**एजेंसी/अहमदाबाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन का 100 साल की उम्र में अहमदाबाद के अस्पताल में निधन हो गया। हीराबेन को स्वास्थ्य संबंधी कुछ परेशानियों के चलते बुधवार को सुबह यू एन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया गया था। वहां सुबह 3:30 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली। मां के निधन के बाद प्रधानमंत्री मोदी भाई पंकज मोदी के आवास पर पहुंचे, जहां मां हीराबेन का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। यहां पीएम मोदी ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद पीएम मोदी व उनके भाइयों ने मां के पार्थिव शरीर को कंधा दिया। गांधीनगर में एक श्मशान घाट में साधारण तरीके से उनका अंतिम संस्कार किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मां हीराबा को मुखाग्नि दी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद उसी एम्बुलेंस से श्मशान घाट तक पहुंचे, जिसमें उनकी मां का पार्थिव शव रखा था। उनके साथ परिवार के और भी सदस्य मौजूद थे।

दुख की इस घड़ी में हीरा बा के परिवार ने सभी से भावुक अपील की। परिवार की ओर से कहा गया कि हम इस कठिन समय में उनकी प्रार्थनाओं के लिए सभी को धन्यवाद देते हैं। सभी से हमारा विनम्र अनुरोध है कि दिवंगत आत्मा को अपने विचारों में रखें और अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम को जारी रखें। यही हीरा बा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### मोदी की मां के अनमोल वचन... काम करो बुद्धि से और जीवन जियो शुद्धि से





### मोदी ने लिखा, शानदार शताब्दी का ईश्वर के चरणों में विराम...

मां के निधन पर पीएम मोदी ने दु:ख जताते हुए लिखा, शानदार शताब्दी का ईश्वर के चरणों में विराम... मां में मैंने हमेशा उस त्रिमूर्ति की अनुभूति की है, जिसमें एक तपस्वी की यात्रा, निष्काम कर्मयोगी का प्रतीक और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध जीवन समाहित रहा है। मोदी ने लिखा, मैं जब उनसे 100वें जन्मदिन पर मिला तो उन्होंने एक बात कही थी, जो हमेशा याद रहती है कि काम करो बुद्धि से और जीवन जियो शुद्धि से। मेरी मां का मुझ पर अटूट विश्वास रहा है।

### श्रद्धांजलि... देश-दुनिया के लोगों ने व्यक्त की अपनी संवेदनाएं

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा का सौ वर्षों का संघर्षपूर्ण जीवन भारतीय आदर्शों का प्रतीक है। श्री मोदी ने मातृदेवोभव' की भावना और हीराबा के मूल्यों को अपने जीवन में ढाला। मैं पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना करती हूं। परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं!


**केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह:** शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पूज्य माताजी हीरा बा के स्वर्गवास की सूचना अत्यंत दु:खद है। माँ एक व्यक्ति के जीवन की पहली मित्र और गुरु होती है जिसे खोने का दु:ख नि:संदेह संसार का सबसे बड़ा दु:ख है।

**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीराबेन के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि मां का निधन असहनीय और अपूरणीय क्षति होता है। मां का स्थान दुनिया में कोई नहीं ले सकता।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ:** पीएम नरेन्द्र मोदी की मां हीराबेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए एक बेटे के लिए असहनीय और अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा है कि एक पुत्र के लिए मां पूरी दुनिया होती है। मां का निधन पुत्र के लिए असहनीय और अपूरणीय क्षति होती है।

**आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पूजनीय माता जी हीरा बा के निधन से एक तपस्वी जीवन पूर्ण हो गया। माताजी का जीवन अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी मूल्य के प्रति निष्ठा एवं ईश्वर के प्रति अटूट आस्था के बल पर सतत कर्मशील रहने वाले सार्थक जीवन का महान उदाहरण है।

**कांग्रेस के पूर्व महासचिव राहुल गांधी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की माताजी, श्रीमती हीरा बा के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। इस मुश्किल समय में, मैं उन्हें और उनके परिजनों को गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।



### कैंसर से जूझ रहे महान फुटबॉलर 'पेले' का निधन

**नई दिल्ली।** ब्राजील के महान फुटबॉलर एडसन अरांतेस डो नासिमेंटो 'पेले' का 82 वर्ष की उम्र में गुरुवार को निधन हो गया। वह 2021 से पेट के कैंसर से जूझ रहे थे और विगत एक माह से अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें 29 नवंबर से साओ पाउलो में अल्बर्ट आइंस्टीन इजराइली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तीन बार विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे पेले फुटबॉल के इस शताब्दी के सबसे महानतम खिलाड़ियों में से एक थे। दो दशकों तक उन्होंने ब्राजील की राष्ट्रीय टीम और ब्राजील के क्लब सैंटोस में सेवाएं दी थीं। उन्होंने इस खेल और ब्राजील का लोहा पूरी दुनिया में मनवाया था। उन्होंने ब्राजील को फुटबॉल जगत में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। पेले ने 1958, 1962 और 1970 के विश्व कप में ब्राजील को जीत दिलाई थी। पेले ने 16 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया और उन्होंने ब्राजील के लिए खेलते हुए 92 मैचों में 77 गोल करके टीम के सर्वकालिक प्रमुख गोलस्कोरर के रूप में अपना करियर समाप्त किया।

## बाल-बाल बचे ऋषभ पंत, सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल



अस्पताल में भर्ती ऋषभ पंत।



हादसे में जलकर राख हुई कार।

**एजेंसी/अहमदाबाद**

टीम इंडिया के क्रिकेटर ऋषभ पंत सड़क हादसे का शिकार हुए हैं। उनकी मर्सीडीज कार रुड़की में डिवाइडर से टकराई गई। इस हादसे में पंत के सिर और पैर में चोट लगी है। हादसे के बाद कार में आग लग गई थी और कार पूरी तरह से जल गई।

पंत को बचाने में हरियाणा रोडवेज की बस के ड्राइवर सुशील मान ने अहम भूमिका निभाई। वे हादसे के बाद तुरंत ही पंत की मदद के लिए आगे आए और उन्हें अस्पताल पहुंचाया। पंत दिल्ली से अपने घर उत्तराखंड लौट रहे थे। रुड़की के नारसन बॉर्डर पर हम्मदपुर झाल के पास उनकी कार हादसे का शिकार हुई। पंत के सिर, पैर, पीठ में चोट आई है। जानकारी के अनुसार पंत की गाड़ी तेज रफ्तार में थी और झपकी आने के कारण कार डिवाइडर से टकराते हुए रेलिंग तोड़कर दूसरी तरफ जा पहुंची, जिसके बाद उसमें आग लग गई। घटना सुबह 5:30 बजे की बताई जा रही है। जहां हादसा हुआ है, वहां ब्लाइंड स्पॉट है। वहां पहले भी हादसे होते रहे हैं।

### पूरी तरह जलकर खाक हो गई मर्सीडीज कार

ऋषभ पंत का एक्सीडेंट जब हुआ उस वक्त गाड़ी में भयंकर आग लग गई थी। देखते-ही-देखते गाड़ी पूरी तरह जलकर बर्बाद हो गई। कार में आग लगने के तुरंत बाद अगर पंत तुरंत गाड़ी से बाहर नहीं निकलते तो उनका बच पाना मुश्किल था।

### लंबे समय तक क्रिकेट से दूर हो सकते हैं पंत

सूत्र के मुताबिक पंत का पैर फ्रैक्चर हो गया है. ऐसी स्थिति में वह लंबे समय तक क्रिकेट से दूर हो सकते हैं। पंत को श्रीलंका के खिलाफ खेली जाने वाली टी20 और वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया में जगह नहीं मिली हैं। खबरें आई थीं कि उनके घुटने में चोट थी और बीसीसीआई ने उन्हें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिपोर्ट करने को कहा है। अब इस हादसे के बाद पंत की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। उनका जल्द वापसी करना मुश्किल दिख रहा है।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को बोधगया स्थित तिब्बतियन मोनेस्टी में बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा से मुलाकात की। मुलाकात के क्रम में मुख्यमंत्री ने दलाई लामा को अंगवस्त्र एवं भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंटकर उनका अभिनंदन किया। दलाई लामा जी ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं भगवान बुद्ध की पेंटिंग भेंट की और आशीर्वाद दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री एवं दलाई लामा के बीच करीब आधा घंटा तक अध्यात्म एवं बौद्ध दर्शन पर विस्तृत चर्चा हुई।

## प. बंगाल को वंदे भारत ट्रेन सहित 7600 करोड़ रु. की योजनाओं की मिली सौगात

**मां के निधन के कारण कोलकाता नहीं जा सके मोदी**

**एजेंसी/कोलकाता**

मां हीराबेन को मुखाग्नि देने के कुछ ही देर बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काम पर लौट गए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल को वंदे भारत ट्रेन सहित 7600 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर कहा कि बंगाल की पुण्य धरती को आज मेरे लिए नमन करने का असवर है। बंगाल के कण-कण में आजादी का इतिहास समाया हुआ है। जिस धरती से 'वंदे मातरम' का जयघोष हुआ, वहां से 'वन्दे भारत' को हरी झंडी दिखाई गई। निजी कारणों की वजह से पश्चिम बंगाल में आकर इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाया, इसके लिए पश्चिम बंगाल की जनता से माफी मांगता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार भारतीय रेलवे के कायाकल्प के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चला रही है। एयरपोर्ट की तरह रेलवे स्टेशन को विकसित किया जा रहा है। नमामि गंगे के तहत 25 से ज्यादा योजनाओं की पश्चिम बंगाल में शुरूआत होने जा रही है। जल शक्ति बढ़ाने पर काम हो रहा है। रिकॉर्ड तेजी से हाइवे बन रहे हैं। 5 नई परियोजनाओं पर आज से काम शुरू होगा। क्रूज टूरिज्म पर काम हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कोलकाता में मेट्रो ट्रेन का भी शुभारंभ किया. कोलकाता मेट्रो की जोका-तारतला लाइन का शुभारंभ किया. प्रधानमंत्री ने कहा कि जोका-तारातला मेट्रो सेवाएं कोलकाता के निवासियों के जीवन को आसान बनाएंगी। इसके अलावा 1000 किलोमीटर के नए मेट्रो रूट पर आज से काम शुरू किया गया।

### बिहार नगर निकाय चुनाव के दूसरे चरण के नतीजे घोषित, इस बार महिलाओं का दबदबा

# पटना में सीता साहू, भोजपुर में इंदू देवी बनीं मेयर

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार नगर निकाय चुनाव के दूसरे चरण के नतीजे शुक्रवार को आए। इसके साथ ही जनता ने 23 जिलों के 68 नगर निकायों में 11,127 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला कर दिया। जारी नतीजों के अनुसार इस बार पटना नगर निकाय की कमान महिलाओं के हाथ में रहेगी। पटना महापौर की कुर्सी सीता साहू को मिली है। सीता साहू ने अपनी प्रतिद्वंदी महजबी को 18,529 वोटों से हराया। सीता साहू पटना सिटी की रहने वाली हैं। साहू पूर्व मंत्री और पटना साहिब से मौजूद विधायक नंदकिशोर यादव की करीबी मानी जाती हैं। वहीं उपमहापौर पद की उम्मीदवार रेशमी चंद्रवंशी को जीत मिली है। रेशमी भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता अभिषेक चंद्रवंशी की पत्नी हैं। अभिषेक राज्यसभा के पूर्व सांसद आरके सिन्हा के बेहद करीबी हैं। आरके सिन्हा का कायस्थ बाहुल्य पटना सीट पर भी दबदबा भी है। उनकी भाजपा के अंदर भी अच्छी पैठ है।

**भोजपुर में आरजू खातून ने दी कड़ी टक्करः** नगर पालिका आम निर्वाचन 2022 के लिए भोजपुर जिले के तीन निकायों की मतगणना संपन्न हो गया है। मेयर पद के लिए इंदू देवी की जीत हुई है। उन्हें 22,171 वोट मिले हैं। जबकि, दूसरे स्थान पर रही आरजू खातून को 19,704 मत प्राप्त हुए। तेज प्रताप के करीबी स्वीटी कुमारी को मात्र 2,646 वोट मिले हैं। वहीं, डिप्टी मेयर के लिए पूनम देवी विजयी हुई हैं। आरा नगर निगम, कोईलवर और गड़हनी नगर पंचायत के मतगणना के लिए आरा के हित नारायण क्षत्रिय प्लस टू विद्यालय में व्यवस्था की गई थी। मतगणना के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। तीनों निकाय के लिए 28 दिसंबर को वोटिंग हुई थी।

### अररिया में मेडिकल की छात्रा बनी मुख्य पार्षद

अररिया के नरपतगंज नगर पंचायत में मेडिकल की छात्रा सन्नू कुमारी मुख्य पार्षद पद का चुनाव जीत गई हैं। सन्नू कुमारी दरभंगा मेडिकल कॉलेज में फर्स्ट ईयर की छात्रा हैं। नरपतगंज नगर पंचायत में सन्नू कुमारी ने दिग्गजों को शिकस्त देते हुए जीत दर्ज की है। सन्नू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सीमा कुमारी को 2193 वोटों से हराया। यहां पांच बार सांसद रहे पूर्व सांसद सुखदेव पासवान की पत्नी नीलम देवी भी चुनाव लड़ रही थी।

### राजद के पूर्व मंत्री की पत्नी हारीं चुनाव

नीलम देवी तीसरे स्थान पर रहीं और उन्हें महज 1206 मत मिले।

**कटिहार नगर निगम में बीजेपी एमएलसी की पत्नी जीतीं:** कटिहार नगर निगम चुनाव में भाजपा एमएलसी अशोक अग्रवाल की पत्नी उषा अग्रवाल ने 20, 567 मतों से जीत दर्ज की है। उन्हें 11 वें राउंड में कुल 39,975 वोट मिले हैं। उन्होंने प्रतिद्वंद्वी राजद के पूर्व मंत्री रामप्रकाश महतो की पत्नी मीना देवी को बड़े अंतर से हराया।

**मुजफ्फरपुर मेयर पद पर बड़ा उलटफेर:** मुजफ्फरपुर नगर निगम में मेयर पद पर चल रहे घमासान में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। सुबह से ही निर्वतमान मेयर राकेश कुमार पिंटू ने बढ़त बनाई हुई थी लेकिन अब निर्मला साहू आगे निकल गई हैं। निर्मला साहू को 24697 और राकेश कुमार को 19504 वोट मिले हैं।

**पूर्व उप मुख्यमंत्री रेणु देवी की बहू हारीं:** बेतिया में मेयर पद पर गरिमा देवी सिकरिया ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है। उन्होंने पूर्व उप मुख्यमंत्री रेणु देवी की बहू सुरभि घई को हरा दिया है।

डीजिटल संस्करण
संपर्क सूत्र
9122915443
9931711972
8936046900
केशव टाइम्स
आपकी आवाज
वेब पोर्टल : keshavtimes.com
अपने गांव
अपने शहर
की हर खबर
पढ़ें और पढ़ाएं
यूपी, बिहार व झारखंड की खबरों पर हमारी पैनी नजर
आपकी समस्याओं का होगा निदान
हमारे रिपोर्टर: गाजीपुर, मऊ, बलिया, वाराणसी, लखनऊ, बक्सर ,रोहतास ,भोजपुर, जहानाबाद, अरवल, पटना में
शहर से लेकर गांव तक की हर गतिविधियों पर है हमारे रिपोर्टरों की नजर, क्योंकि हम हैं आपके लिए 24 घंटे तत्पर
keshavtimes keshavtimes keshavtimes



जीयर स्वामी

कामना रहित हो करें सत्कर्म, तो मिलेगी आत्मा को शांति।



## खबरें फटाफट

### किशोरी के साथ की अश्लील हरकत, विरोध करने पर पीटा

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ अश्लील हरकत किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। किशोरी खेत पर खाना देकर अपने घर लौट रही थी, उसी दौरान उसके साथ मनचले ने उसके साथ अश्लील हरकत की है। इस मामले में जब किशोरी के परिजनों ने विरोध किया तो आरोपितों द्वारा मारपीट की गयी। इस मामले में परिजनों ने आरोपी के खिलाफ डुमरांव थाने में आवेदन देकर नामजद मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार आरोपी अखिलेश राजभर बताया जाता है। पुलिस ने घटना को लेकर बताया कि पीड़िता के आवेदन के अनुसार किशोरी खेत पर खाना देकर लौट रही थी। इसी दौरान आरोपी रास्ते में रोककर इसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। किशोरी के शोरगुल के बाद आरोपी भाग गया। किशोरी ने घर पहुंच कर इसकी जानकारी परिजनों को दी। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि इस मामले में पुलिस केस दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है।

### बहू की हत्या में ससुर गिरफ्तार

**आरा।** अजिमाबाद थाने की पुलिस ने दहेज हत्या में एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह बड़गांव नरियाडीह गांव निवासी पुकार चौधरी है। उसकी बहू रमिता देवी की गला हत्या कर दी गयी थी। उस मामले में पुकार चौधरी सहित चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। सभी पर सोने की अंगुठी और चेन के लिए गला दबाकर रमिता की हत्या करने का आरोप लगाया गया है।

### छेड़खानी में चार आरोपित गिरफ्तार

**आरा।** अगिआंव बाजार थाने की पुलिस ने मारपीट और छेड़खानी के मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पांचों को जेल भेज दिया गया है। इनमें उसी थाना क्षेत्र के करवनिया गांव निवासी तेजनारायण सिंह जयप्रकाश सिंह, मनोज सिंह, हरिकुशन सिंह और श्रीकिशुन सिंह शामिल हैं।

### कार व स्कार्पियो की टक्कर में दो घायल

**सासाराम।** गुरुवार को नगर थाना क्षेत्र स्थित हदहदवा पुल के पास तेज रफ्तार में आ रहे स्कार्पियो और कार के आमने-सामने जबरदस्त टक्कर मार दिया। टक्कर में चालक सहित ऑनर घायल हो गया। जिससे कार संख्या जेएच01डीजी1974 क्षतिग्रस्त हो गया। वही कार को ड्राईव कर रहे कार ऑनर निरंजन विगहा निवासी शिवदर्श सिंह के पुत्र लगभग 40 वर्षिय अमरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ पिंटू घायल हो गया। स्थानीय लोग निजी क्लीनिक में ले गए।


# सलाह: सतर्कता व सावधानी के साथ उठाएं नए साल का आनंद, मास्क जरूर लगाएं

- मास्क, वैक्सीन और दूरी का मंत्र अपनाकर रहें सुरक्षित
- मास्क और सैनिटाइजर के साथ करें भ्रमण, भीड़ भाड़ के इलाकों से रहें दूर

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में नव वर्ष के जश्न की तैयारियां शुरू हो गई हैं। युवा हो या बच्चे सभी ने अपने अपने स्तर से नए साल के आगमन के अवसर पर कुछ न कुछ प्लान कर लिया है। लेकिन, इन सब के बीच लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। क्योंकि, बिहार समेत देश के अन्य राज्यों में कोविड-19 के नए वेरिएंट ओमिक्रोन बीएफ-7 ने दस्तक दे दी है। ऐसे में लोगों को पूर्व की भांति सावधान और सचेत रहने की जरूरत है। फिलवक्त कोविड-19 के संक्रमण का खतरा बना हुआ है। ऐसे में सरकार और स्वास्थ्य विभाग सतर्कता व सावधानी बरतते हुए नए साल का जश्न मनाने की सलाह दे रहा है। थोड़ी सतर्कता एवं सावधानी से हम संक्रमण मुक्त रह सकते एवं नए साल की उमंग और खुशी लोगों के साथ साझा कर सकते हैं। इसमें विशेषकर कोविड-9 के लिए जारी प्रोटोकॉल्स जैसे हाथ धोने, मास्क पहनने और शारीरिक दूरी रखने जैसे नियमों का पालन जरूरी है।

**दवा, वैक्सीन और दूरी का मंत्र अपनाकर रहें सुरक्षित :** सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ ने बताया नए साल की पार्टी व जश्न के दौरान लोगों के लिए सतर्कता ही सुरक्षा है। ऐसे में जिन लोगों ने प्रीकॉशनरी डोज नहीं ली है, उनको टीके की निर्धारित डोज लेना जरूरी है। ताकि, वो आने वाले नए साल का आनंद ले सकें। पूर्ण रूप से टीकाकृत होकर सभी संक्रमित होने से बच सकते और समुदाय को भी संक्रमण से सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं। इस समय सभी जगह अत्यधिक भीड़ देखी जा रही और यह संक्रमण को आमंत्रण दे सकती है। लोगों को हर हाल में मास्क का इस्तेमाल और शारीरिक दूरी के मूलमंत्र को अपनाना होगा और सभी कार्यों के साथ कोविड सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य रूप से करना पड़ेगा। तभी हम खुशियों को खुद से और सभी से साझा कर सकते हैं।




### मास्क और सैनिटाइजर के साथ करें भ्रमण

नए साल के अवसर पर कई लोग ऐसे होते हैं, जो परिवार के साथ कहीं घूमने जाते हैं। ऐसे लोगों को और ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। वो सैनिटाइजर और मास्क के साथ ही घर से बाहर निकलें। वहीं, ऐसे कई पिकनिक स्पॉट जहां शहरी व ग्रामीण लोग इकट्ठा होने की पूरी सम्भावना है। ऐसे में मास्क, सैनिटाइजर और दो गज की दूरी का पालन जरूर करें। यह कोरोना से बचाव में सबसे उपयोगी साबित हो सकती है। मास्क इस समय सर्दी, प्रदूषण और कोरोना तीनों से बचाव कर सकता है। इसलिए घर से बाहर निकलते समय मास्क का प्रयोग जरूर करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही न बरतें। यह सही है कि इस समय कोरोना का रिस्क ज्यादा है। ऐसे में लोग नए साल का जश्न मनाने के उत्साह में कोरोना को लेकर बिल्कुल भी लापरवाह न हो। किसी भी वस्तु या जगह को छूने से बचें और स्पर्श अगर हुआ हो तो अपने हाथों को सैनिटाइज करें।

**स्वास्थ्य विभाग है अलर्ट :** सिविल सर्जन डॉ. नाथ ने बताया, कोविड-19 से बचाव के लिए जिले में कोविड टेस्ट शुरू किए गए हैं। स्टेशन और बस स्टैंड पर लोगों की जांच की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने पूरे अमले को व्यवस्था दुरुस्त रखने और ड्यूटी पर मुस्तैदी के निर्देश दिए हैं। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भी कोरोना जांच की जाएगी। इसके लिए जिले के सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को जांच में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। किसी प्रकार से कोरोना की स्थिति या संदेह उत्पन्न होने पर निकट के सरकारी अस्पतालों में संपर्क कर सकते हैं। सभी अस्पतालों को अलर्ट मोड में रखा गया है और कोरोना जांच के साथ समुचित चिकित्सीय प्रबंधन की व्यवस्था की गयी है।

### नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब में पूर्व सांसद शंकर दयाल सिंह की जयंती पर परिचर्चा

# प्राचीन काल से गौरवशाली इतिहास के बाद भी नहीं हो पाया बिहार का अपेक्षित विकास: रश्मि

- शंकर स्मृति समारोह के अवसर पर बिहार को लेकर एक गहन चर्चा
- बिहार के आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक स्थिति को लेकर रखे गए कई विचारोत्तेजक तथ्य

**केटी न्यूज/बक्सर**




कार्यक्रम में जुटे नेता, साहित्यकार व अन्य

नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित एक कार्यक्रम में बिहार के लोकप्रिय साहित्यकार और पूर्व सांसद शंकर दयाल सिंह की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम में सारण के लोकसभा सांसद राजीव प्रताप रूडी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए, जो कि पूर्व में भारत सरकार के मंत्री भी रह चुके हैं। इस कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय सचिव सीके मिश्र, भारत सरकार के पूर्व प्रधान आर्थिक सलाहकार आनन्द सिंह भाल जैसे कई गणमान्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। बतौर आयोजक स्व शंकर दयाल सिंह जी की पुत्री एवं भारतीय प्रशासनिक अधिकारी रश्मि सिंह द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक रंजन कुमार सिंह ने की। शंकर स्मृति समारोह के अवसर पर बिहार को लेकर एक गहन चर्चा हुई। जिसमें बिहार के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्थिति को लेकर कई विचारोत्तेजक तथ्य रखे गए। वास्तव में, इस प्रकार के आयोजनों से बिहार विमर्श की प्रासंगिकता को एक नया आयाम हासिल होगा। यह कोई छिपाने वाली बात नहीं है कि बिहार का प्राचीन काल से ही एक गौरवशाली इतिहास रहा है। बिहार भगवान बुद्ध, महावीर जैन और चाणक्य जैसे महात्माओं और विद्वानों की कर्मभूमि रही है, तो सम्राट अशोक ने यहीं की मिट्टी से पल्लवित होकर पूरे विश्व में बौद्ध धर्म की स्थापना की। बिहार की मिट्टी ने ही राष्ट्रकवि दिनकर को जन्म दिया, तो हमारे राजेन्द्र बाबू आजाद भारत के पहले राष्ट्रपति बने। आज बिहार की गिनती देश के सबसे पिछड़े राज्यों में होती है। आर्थिक हो चाहे सामाजिक हम जीवन के हर पहलू में विच्छिन्न हो चुके हैं और हमें न खुद पर विश्वास है और न ही अपने राज्य और इसकी महान ऐतिहासिक विरासतों पर।

वक्ताओं ने कहा कि आज बिहार के समाज में एक विचित्र नीरसता और हतोत्साह ने जन्म ले लिया है और हमें इससे पार पाने का कोई रास्ता नहीं सूझ रहा है। लेकिन हमें अब सजग होना होगा और एक सक्षम और सुदृढ़ बिहार के निर्माण के लिए अपनी भूमिकाएं निभानी होगी। इस कार्यक्रम के दौरान, राजीव प्रताप रूडी ने एक बेहद जरूरी मुद्दा उठाया, आखिर ऐसा क्या है आज बिहारी आगे है और बिहार पीछे है।

नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, बिहार की कुल आबादी का करीब 52 प्रतिशत हिस्सा गरीबी रेखा से नीचे अपना गुजर-बसर करता है। जबकि, यहां कुपोषण की दर भी करीब 52 प्रतिशत है। कुपोषण की इस समस्या के कारण 4.5 प्रतिशत बच्चे और किशोर अकाल मौत के मुंह में समां जाते हैं। दूसरी ओर, राज्य मातृ स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में भी पिछड़ा हुआ है और यहां करीब 46 प्रतिशत महिलाओं को प्रसव के दौरान कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। आज बिहार के करीब 4 करोड़ लोग अपने जीवनयापन के लिए पलायन कर चुके हैं। हम अपनी विलक्षण प्रतिभा के कारण पूरी दुनिया में अपनी पहचान बना रहे हैं। फिर भी, सवाल बना रहता है कि जब बिहार पिछड़ा है, तो हम आगे कैसे हो सकते हैं?इसलिए अब वक्त आ चुका है कि हम अपने जन-प्रतिनिधियों से तीखे सवाल पूछें। उन्हें योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के लिए बाध्य करें। हम अपनी जातिगत पहचान को धूमिल करें और अपनी क्षमताओं को जगाएं। इसके लिए हमारे युवाओं को सामने आना होगा। तभी एक बेहतर और आत्मनिर्भर बिहार का सपना साकार हो पाएगा।

### दुर्घटना में जख्मी महिला की इलाज के दौरान मौत, चालक पर मुकदमा दर्ज

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के प्रतापसागर स्थित फोरलेन पर गुरुवार की शाम सड़क दुर्घटना में जख्मी एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गयी है। मौत की खबर जैसे ही परिजनों को मिली वे रोने-बिलखने लगे। मोहल्ले में मातम पसर गया। मृतक की पहचान प्रतापसागर गांव निवासी स्वर्गीय कैलाश सिंह की पत्नी असरफी देवी के रूप में हुई है। इस मामले में मृतका के पुत्र ने ओपी थाने में आवेदन देकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है।

घटना को लेकर बताया जाता है कि असरफी देवी गुरुवार की शाम सड़क के किनारे से अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही एक बोलेरो ने महिला में टक्कर मार दी। राहगीरों के शोरगुल के बाद बोलेरो चालक वाहन लेकर भागने में सफल रहा। परिजनों ने प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। ओपी पुलिस ने बताया कि इस मामले में केस दर्ज कर पुलिस अज्ञात चालक की पहचान करने में जुट गयी है।

## मोबाइल छीनने का विरोध करने पर नकाबपोश बदमाशों ने छात्र को मारी गोली, हालत गंभीर

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के दरियापुर और बकरी गांव के बीच शुक्रवार की देर शाम मोबाइल छीनने का विरोध करने पर बदमाशों ने एक छात्र को गोली मार दी। गोली छात्र के बाएं हाथ में लगी है। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज इलाज आरा के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी छात्र मुफस्सिल थाना क्षेत्र के केशवपुर बकरी गांव निवासी राजेश साह का 17 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार है।



उसने बताया कि शुक्रवार की शाम वह शहर के कतीरा से ट्यूशन पढ़कर वापस अपने गांव लौट रहा था। उस क्रम में वह ऑटो से दरियापुर गांव उतरा। इसके बाद पैदल अपने गांव की ओर जा रहा था। तभी एक स्कूटी पर सवार तीन नकाबपोश बदमाश आ धमके और उसका मोबाइल व पैसे को छिनने लगे। वह विरोध करते हुए भागने की कोशिश की, तो बदमाशों ने उसे गोली मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। वहीं, इलाज कर रहे सर्जन डॉ.विकास सिंह ने बताया कि एक लड़के को बाएं हाथ में हथेली पर गोली लगी थी। गोली लगने से खून काफी बह रहा था।

## एक नजर

### नव वर्ष के उपलक्ष्य में समारोह आयोजित कर शिक्षकों को किया गया सम्मानित



**डुमरांव।** डुमरांव के चाणक्यपुरी कॉलोनी स्थित न्यू वुड स्टॉक स्कूल में शुक्रवार को एक समारोह आयोजित कर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल के डायरेक्टर सह पूर्व मुखिया राजीव कुमार उर्फ बब्लू पाठक ने शिक्षकों को अंग वस्त्र, बुके आदि देकर सम्मानित किया तथा समाज को गढ़ने में उनके योगदान को अतुलनीय बताया। राजीव ने कहा कि शिक्षक राष्ट्रनिमार्ता होते है। समाज के सभी वर्गों को इनका आदर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे प्रत्येक साल अपने स्कूल परिसर में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन करते है। यह आयोजन नव वर्ष के उपलक्ष्य में किया गया था। अंत में एक प्रिती भोज का आयोजन भी हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक नमो नारायण मिश्र के साथ अन्य शिक्षक शामिल हुए। जबकि बक्सर जिला के सम्मानित शिक्षक प्रतिनिधि संजय उपाध्याय, गोपाल जी राय, शिवजी दुबे, धनंजय मिश्र, उपेन्द्र पाठक, शालिग्राम दुबे, सुदर्शन मिश्र, शैलेन्द्र पाण्डेय, संजय सिंह, तबरेज आलम, कमलेश पाठक, प्रमोद ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, रामजीत सिंह, धीरज पाण्डेय, स्वेतांश कुमार, राजू गुप्ता, नवनीत श्रीवास्तव, फूलन कुमार यादव, सुरेन्द्र पाण्डेय, जितेंद्र ठाकुर, पूर्णानन्द मिश्र सरीखे दर्जनों शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

### रंगदारी का विरोध करने पर टेंट संचालक और उसके भाई को मारा चाकू, हालत गंभीर



**आरा।** भोजपुर के सिन्हा ओपी क्षेत्र के नथमलपुर के बालूचक बाजार में गुरुवार रात दबंगों ने खूब उत्पात मचाया। रंगदारी देने से मना करने पर बदमाशों द्वारा टेंट संचालक और उनके भाई को चाकू घोंप दिया गया। उसमें दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। उससे पहले बदमाशों द्वारा टेंट संचालक की पिकअप में आग भी लगा दी गयी। उसमे पिकअप का टायर जल गया। घायलों में बालूचक बाजार निवासी भरत साह के पुत्र शंभू कुमार साह और मल्लू साह शामिल है। इनमें शंभू कुमार साह टेंट संचालक हैं। वह बालू चक बाजार पर अपना टेंट हाउस चलाते हैं। गांव के ही दो युवकों पर रंगदारी मांगने और चाकू मारने का आरोप लगाया गया है। टेंट संचालक ने बताया कि गांव का ही दो युवक उनके टेंट हाउस पहुंचे और रंगदारी के रूप में 50 हजार रुपये मांगने लगे। उन्होंने पैसे देने से मना किया, तो दोनों टेंट हाउस के सामने खड़ी उनकी पिकअप को जलाने लगे। उसे देख वह उनको हटाने गये, तो युवकों द्वारा उन्हें चाकू मार दिया गया। उसके छोटे भाई मल्लू साह बीच-बचाव करने गया, तो युवकों द्वारा उसे भी चाकू घोंप दिया। उससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। इसमें शंभू कुमार साह को शरीर के चार जगहो पर और मल्लू साह को पेट में चाकू लगा है। उन्होंने गांव के ही करिया यादव एवं सनोज यादव पर 50 हजार रुपये रंगदारी मांगने और नहीं देने पर चाकू मारने का आरोप लगाया है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

### ट्रक के धक्के से पुलिया में जा गिरी लग्जरी कार, गाड़ी में सवार बंगाल के पांच लोग जख्मी



**गया।** जिले के आमस थानाक्षेत्र के एनएच-2 माहापुर मलरवाडीह के समीप एल बेकाबू ट्रक ने एक ही दिशा में चल रही कार में धक्का मार दिया। जिससे कार अनियंत्रित होकर पहले डिवाइडर टकराई उसके बाद पास के दस फिट गहरे पुलिया में जा गिरा। हादसे में कार सवार पांच लोग जख्मी हो गए। सभी बनारस से बंगाल के दुगार्पुर जा रहे थे। तभी वे सड़क हादसे के शिकार हो गए। चश्मदीद रामचंद्र प्रसाद और शिक्षक अमित सिंह ने बताया कि ओवरटेक करने के चक्कर में ट्रक ने धक्का मारते हुए भगा निकला। पर असंतुलित लग्जरी कार पुलिया में जा गिरा। घटना में घायल हुए लोगों को स्थानीय लोगों की मदद से पीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. महेश प्रसाद ने बताया कि कार में एक ही परिवार के पांच लोग सवार थे। जिसमें कृष्णा माल (65), दबलिना सरदार (38), दीपसिखा (35), संजय देवनाथ (38) और उसका बेटा सौनका देवनाथ (8) वर्ष शामिल है। हादसे में सौनकी देवनाथ का सबसे अधिक चोटें आईं हैं। उसका एक पैर टूट चुका है। जबकि परिवार के अन्य सदस्यों को मामूली चोटें लगी हैं। सभों का प्राथमिक उपचार के अस्पताल के छुट्टी दे दी गई। वहीं एसएचओ अरविंद किशोर ने बताया की जिम्मेदार वाहन भागने में सफल रहा। दुर्घटनाग्रस्त कार जब्त कर थाने लाया गया है।

### इंजेक्शन के बदले नेजल ड्रॉप के माध्यम से दिया जाएगा कोविड का टीका

# खुशखबरी: लोगों के लिए जल्द उपलब्ध होगी कोविड टीके की नेजल वैक्सीन

- जिले में बचे हुए हैं कोवैक्सीन के महज 300 से 400 डोज
- जिन लोगों ने दो डोज ले ली है, उनको बूस्टर डोज भी नेजल ड्रॉप के माध्यम से दी जाएगी

**केटी न्यूज/सासाराम**




कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए लगाए जा रहा टीका अब इंजेक्शन के रूप में ना होकर नेजल ड्रॉप के रूप में मौजूद होगा। अब लोगों को इंजेक्शन लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। लोगों को नेजल ड्रॉप के माध्यम से नाक में ही दवा डाली जाएगी। निडल के माध्यम से दिए जाने वाले टीका से कितने लोग घबराते भी थे और डरते भी थे। ऐसे लोग अब इंजेक्शन लेने से बच जाएंगे और आसानी से कोरोना का टीका भी ले लेंगे। इसकी जानकारी देते हुए रोहतास के सिविल सर्जन डॉ केएन तिवारी ने बताया कि इंजेक्शन वाले जितने भी कोविड के टीके बचे थे, वह लगभग समाप्त होने को है। अगली खेप केंद्र सरकार द्वारा नेजल ड्रॉप में भेजी जाएगी।

उन्होंने बताया कि कोविशील्ड और कोवैक्सीन की नेजल ड्राप बहुत ही जल्द जिला स्वास्थ्य समिति को उपलब्ध हो जाएगी और टीकाकरण करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने मात्र दो ही टीके लिए है वैसे लोगों को बूस्टर डोज भी नेजल ड्रॉप के माध्यम से दी जाएगी।

**टीकाकरण के लिए लोग पहुंच रहे अस्पताल :** कोरोना संक्रमण के मंडराते खतरे को देखते हुए एक बार फिर टीकाकरण को लेकर लोगों में हलचल दिखने लगी है। जहां लोग टीकाकरण को लेकर सुस्त पड़ चुके थे, वहीं टीकाकरण के लिए लोग अब अस्पतालों में पहुंचते हुए दिखाई दे रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले में फिलहाल टीका की उपलब्धता कम है। जानकारी के अनुसार जिले में मात्र कोवैक्सीन के 300 से 400 डोज बचे हुए हैं। विभाग ने यह उम्मीद जताई है कि संक्रमण के खतरे को देखते हुए सरकार द्वारा जल्द ही टीका मुहैया कराई जाएगी। रोहतास जिले में अब तक 45 लाख 18 हजार 627 लोगों को कोविड से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा चुका है, जिसमें 20 लाख 47 हजार के आसपास लोगों को प्रथम डोज का टीकाकरण किया जा चुका है, तो वहीं 18 लाख 45 हजार के करीब लोगों को दूसरे डोज का टीकाकरण किया गया है। जबकि 4 लाख 26 हजार 497 लोगों को बूस्टर डोज लगा दी गयी है।


**बूस्टर डोज के लिए पहुंच रहे हैं लोग :** कोरोना संक्रमण के तीसरी लहर का प्रकोप खत्म होने के बाद लोगों में टीकाकरण को लेकर सुस्ती देखी जा रही थी। हालांकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार बूस्टर डोज के लिए लोगों से अपील भी की जा रही थी परंतु कोरोना संक्रमण का मामला थमते ही बूस्टर डोज लेने में लोगों ने उतनी रुचि नहीं दिखाई।

वहीं चीन में बेकाबू हो चुके इस संक्रमण का खतरा एक बार फिर भारत में मंडराने लगा है। ऐसे में टीकाकरण के लिए लोगों में एकबार फिर उत्सुकता दिखाई देने लगी है। लोग बूस्टर डोज के लिए अपने नजदीकी अस्पतालों का चक्कर लगा रहे हैं।

### बूस्टर डोज में फिलहाल कोवैक्सीन का लगेगा टीका

डॉ. केपी साहू ने बताया कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जिले में लोगों को कोवैक्सीन, कोविशील्ड और कोरबेवैक्स के टीके लगाए गए हैं। जिले में फिलहाल कोवैक्सीन के ही डोज बचे हुए हैं। ऐसे में जिन लोगों ने कोवैक्सीन के दोनों डोज ली है उन लोगों को बूस्टर डोज में भी कोवैक्सीन ही दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सिर्फ कोवैक्सीन लेने वालों को ही बूस्टर डोज दी जा रही है। जैसे ही अन्य टीका उपलब्ध होगा वैसे ही सभी के बूस्टर डोज देने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। संक्रमण से बचाव के लिए सावधानी अति आवश्यक है इसलिए लोग ज्यादा से ज्यादा सावधानी बरतें।

सुविचार



महात्मा गांधी

खुशियां तभी हैं जब आप जो सोचते हैं, जो कहते हैं और जो करते हैं, वह सामंजस्य में हों।

मौसम अधिकतम : 24° न्यूनतम : 9°

सर्राफा न्यूनतम : 49670 अधिकतम : 54180

बड़ी खबर सेक्स रैकेट रोकने के लिए नगर थाना में...

केशव टाइम्स

बक्सर, 31 दिसम्बर 2022

बक्सर

website : keshavtimes.com

e-mail : keshavtimes1@gmail.com



## खबरें फटाफट

### जेल से छूटे शराब तस्करों पर 72 घंटे पुलिस रखेगी नजर

**डुमरांव।** नए साल पर शराब तस्करी को रोकने के लिए डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज के नेतृत्व में अनुमंडल के सभी थानाध्यक्ष एक्शन में आ गए है। जिसको लेकर शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय में सीओ व थानाध्यक्षों के साथ बैठक की गई। जिसमें यूपी, हरियाणा, पंजाब समेत अन्य राज्यों से हो रही शराब की तस्करी पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने नया प्लान तैयार किया गया। वहीं स्थानीय इलाकों में देशी शराब निर्माण की मिल रही सूचना को लेकर भी प्लान तैयार किया गया। डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज ने जेल से जमानत पर छूटे शराब तस्करों पर अगले 72 घंटे नजर रखने का भी निर्देश दिया गया। खास तौर पर गंगा तटवर्ती इलाकों के रास्तों व गांवो पर नजर रखने का भी आदेश दिए। एसडीएम ने बताया कि बक्सर-कोईलवर तटबंध से गुजरने वाली प्रत्येक वाहनों को जांच के लिए भी टीम बनाई गई है। गंगा नदी में चलने वाली नावों को भी सर्च करने का निर्देश दिया गया है।

### कार्यकारिणी समिति की हुई बैठक

**केसठ।** प्रखंड के केसठ पंचायत सरकार भवन के प्रांगण में कार्यकारिणी समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान ने किया। बैठक में पंचायत स्तर के अधिकारी ,सभी वार्ड सदस्य, स्वच्छता पर्यवेक्षक उपस्थित हुए। बैठक में मुखिया ने पंचायत में चल रहे सभी योजनाओं पर चर्चा किया तथा प्रत्येक वार्ड में कार्य का जायजा लिया। वहीं वार्ड सदस्यों ने अपने-अपने वार्ड की समस्याओं से मुखिया को अवगत कराया।

# रूपसागर में सात दिवसीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी पूरी, कल होगी कलश यात्रा

**केटी न्यूज/नावानगर**

- परम पूज्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज के निर्देशन में आयोजित हो रहा है महायज्ञ
- महायज्ञ के आयोजन में क्षेत्र में बना उत्साह, तैयार हुआ यज्ञ मंडप व कुटिया

परम पूज्य संत श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के निर्देशन में प्रखंड के रूपसागर गांव में सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। इसकी तैयारी भी पूरी कर ली गई है। नये साल के शुरूआत (एक जनवरी) को भव्य जलभरी यात्रा निकाली जाएगी।

साथ ही सात दिवसीय श्री लक्ष्मीनारायण महारूज्ञ व भागवत कथा सप्ताह शुरू हो जाएगा। महायज्ञ के दौरान विधि विधान से वैदिक कर्मकांड व आहूतियों के साथ ही प्रत्येक दिन पूज्य श्री स्वामीजी के मुखार बिंदु से भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। पूज्य स्वामी जी के आगमन को लेकर न सिर्फ रूपसागर के ग्रामीणों बल्कि दूर दराज के श्रद्धालुओं में भी खुशी व्याप्त है। आयोजन समिति से जुड़े लोगों द्वारा इसकी तैयारी भी पूरी कर ली गई है। यज्ञ मंडप से लेकर



यज्ञ के लिए तैयार पंडप

साधु-संतों की कुटिया निर्माण कार्य पूरा हो गया है। इधर श्री लक्ष्मी प्रपन्नचार्य जीयर स्वामी महाराज के निर्देशन में होने वाले इस महायज्ञ में देश के विभिन्न धर्म स्थलों से साधु संत व प्रवचनकर्ता विद्वान शामिल होंगे। श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सात दिवसीय है। एक जनवरी को निकलने वाले जलभरी शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल होंगे।

जबकि महायज्ञ की पूणार्हुति 6 जनवरी को होगी। यज्ञ आयोजन समिति के सदस्य मनोज कुमार सिंह एवं पंचायत के मुखिया वृजकुमार सिंह ने बताया कि जीयर स्वामी जी महाराज का आगमन एक जनवरी को होगा। इस दौरान स्वामी जी महाराज के अतिरिक्त अन्य साधु संतों के प्रवचन सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ को सफल बनाने के लिए गांव के पास नहर किनारे भव्य यज्ञ मंडप का निर्माण पूरा कर लिया गया है। वहीं साधु संतों व श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए जगह-जगह आकर्षक तोरण द्वार बनाया गया है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम आयोजन समिति द्वारा किया गया है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने पंचायत के लोग पूरे उत्साह के साथ जुटे हैं।

### भागवत कथा के श्रवण से मिलता है मोझ

मान्यता है कि भागवत कथा का तनम न से श्रवण करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। पूज्य स्वामी जी महाराज द्वारा बड़े ही सारगर्भित व रोचक तरीके से भागवत कथा का वाचन किया जाता है। उनके यज्ञ के दौरान कथा सुनने हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटते है। यहां भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। आयोजन समिति द्वारा इसे ध्यान में रखकर ही यज्ञ मंडप का निर्माण कराया गया है। विस्तृत क्षेत्र में बने यज्ञ मंडप में एक साथ हजारों लोग बैठ भागवत कथामृत का का पान कर सकते है। बता दें कि जीयर स्वामी जी महाराज के शिष्यों की संख्या लाखों में है तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उनके यज्ञ में शामिल होते है। इसे आयोजन को ले ग्रामीणों तथा क्षेत्रवासियों में उत्साह व्याप्त है। इधर, भक्तों की भीड़ के मद्देनजर प्रशासन से विधि-व्यवस्था संधारण की मांग की गई है।

## इंप्लायमेंट की जगह टूरिस्ट विजा पर गए हैं विदेश, वापसी की लगा रहे गुहार

# धोखा: नौकरी के नाम पर मलेशिया में शौचालय साफ कर रहे इटाढ़ी के मजदूर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

विदेश में मोटी रकम कमा गरीबी दूर करने के उम्मीद लिए हजारों किलोमीटर दूर मलेशिया पहुंचे बिहार व यूपी के दर्जनों मजदूर वाह जाकर फंस गए है। उन्हें विदेश भेजने वाले एजेंट ने इंप्लायमेंट की जगह टूरिस्ट वीजा दिया था और बताया था कि वहां उन्हें एक सप्ताह के अंदर इसे इंप्लायमेंट वीजा में कनर्वट करा दिया जाएगा। एजेंट ने अच्छी नौकरी व भारतीय मुद्रा में 40 से 50 हजार रुपए मासिक मिलने की बात कही थी।

लेकिन, वहां जाने पर उनसे शौचालय तक साफ करवाया गया और विरोध करने पर मारपीट व निर्वस्त्र कर दिया गया। किसी तरह भागकर मजदूरों ने एक भारतीय मलेशिया के शाह आलम इलाके में ब्रह्मपुर (बक्सर) निवासी मनौव्वर आलम के यहां शरण लिया है। वे



मलेशिया में फंसे भारतीय मजदूर

- मानव तस्करों के चंगुल में फंसे मलेशिया गए बक्सर के दो मजदूरों समेत दर्जनों लोग
- नौकरी लगवाने के नाम ले गया था एजेंट, वीजा के लिए दिए थे एक-एक लाख रुपए

सभी वतन वापसी की गुहार तो लगा रहे है, लेकिन उनकी सुनने वाला भी कोई नहीं है। वहां फंसे मजदूरों में डुमरांव के महरौरा गांव के दीपक राम का पुत्र सोनू राम व प्रतापचंद्र राम का पुत्र धर्मेन्द्र राम शामिल है। जबकि पकड़ी मोड़ इटाढ़ी का धर्मेन्द्र कुमार अपने परिजनों से किसी तरह 50 हजार रुपए मंगवा उनके चंगुल से बच घर वापस आ गया है। जबकि अभी भी वहा दो दर्जन से अधिक मजदूर फंसे हुए है। मजदूरों में धर्मेन्द्र और सोनू के अलावे भोजपुर जिले के झौवा बेलवनियां निवासी राजेश गोस्वामी, बलिया यूपी के मंटू शर्मा, अजय यादव, अवधेश चौधरी, अर्जुन यादव, पिंटू चौधरी, गोविंदा साहनी, नीरज पासवान, धीरेंद्र प्रसाद, जितेंद्र साह, वीरेंद्र साहनी, रामाशंकर साहनी और सन्नी कुमार सहित कई अन्य शामिल है।

**एजेंटों को एक-एक लाख रूपए दे गए थे मलेशिया :** वहां फंसे मजदूरों ने बताया है कि वे लोग अपने-अपने एजेंटो को एक-एक लाख रूपए देकर विदेश जाने का पासपोर्ट और वीजा बनवाए थे। इस मामले में इटाढ़ी के धर्मेंद्र राम और महरौरा के सोनू राम और धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि अरियांव गांव निवासी प्रकाश सिंह को एक-एक लाख रुपये दिया गया था। जबकि अन्य मजदूरों ने भोजपुर जिले के इसरी पिपरा निवासी संजय यादव, यूपी के कोटवा नारायणपुर के भोला चौधरी, भरौली के लालचंद्र चौधरी आदि का नाम लिया और बताया कि उनसे एक-एक लाख रुपए लेने के बाद अच्छी नौकरी का झांसा दिया गया था।

लेकिन वहां जाने के बाद पहले तो काम नहीं मिल रहा था। फिर किसी को सीमेंट फैक्ट्री, तो किसी को होटल में बर्तन साफ करने का काम मिला। इसके बाद हद तो यह हुई कि मजदूरों से जबदस्ती शौचालय तक साफ करवाया जाने लगा और विरोध करने पर जमकर पीटा गया तथा निर्वस्त्र कर दिया गया। इसके बाद जब ये लोग अपने एजेंट से संपर्क किए तो एजेंट किसी तरह जान बचाने की बात कह मोबाइल स्वीच ऑफ कर लिए है। उनके विदेश में फंसे होने से परिजन भी चिंतित हो गए है।

## सेक्स रैकेट रोकने के लिए नगर थाना में होटल संचालकों के साथ हुई बैठक



होटल संचालकों के साथ बैठक करते थानाध्यक्ष

**केटी न्यूज/बक्सर**

- होटल में ठहरने वालों की सूची थाना से शेयर करेंगे संचालक

जिले के होटलों में चल रहे सेक्स रैकेट के उद्भेदन के बाद पुलिस सावधान हो गई है। इसे रोकने के लिए शुक्रवार को नगर थाना में एसपी नीरज कुमार सिंह के निर्देश पर थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार के द्वारा बैठक की गई। बैठक में होटल एवं लॉज संचालक मौजूद थे।

थानाध्यक्ष ने बैठक में कहा कि आने वाले ग्राहकों की वैलिड आईडी, एड्रेस प्रूफ और पूरा पता, सही मोबाइल नंबर के साथ दर्ज करने का निर्देश दिया। इसके अलावे होटल में प्रतिदिन रूकने वालों की 24 घंटे की सूची पुलिस को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। थानाध्यक्ष दिनेश मल्लाकार ने कहा कि होटल संचालकों को कस्टमर्स के साथ-साथ उनके स्टाफ के भी वेरिफिकेशन कराने के लिए कहा गया। पुलिस और होटल संचालकों के बीच वाट्सएप ग्रुप बनाने पर भी सहमति हुई। जिसके माध्यम से सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी होटलों में रिसेप्शन, गेट पर बाहर फोकस करता हुआ तथा अंदर के गलियारे में उचित दृश्य वाले वाले अच्छी क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिये गए। युवाओं को रूकने पर उनकी सूचना निर्धारित प्रोफार्मा में थाने को पहचान पत्र की प्रति उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया।

## अहमदाबाद पटना क्लोन एक्सप्रेस से 10 लाख की शराब बरामद, 19 तस्कर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर रेल आरपीएफ और जीआरपी के संयुक्त अभियान में शराब की बड़ी खेप पकड़ी गई है। पुलिस ने करीब दस लाख रुपये की शराब के साथ 19 तस्करों को गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि इस अभियान में कुल 1214 लीटर शराब भी बरामद किया है। पुलिस ने सभी तस्करों से पूछताछ कर सभी को जेल भेज दिया।

मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर बक्सर आरपीएफ और दिलदारनगर अहमदाबाद पटना क्लोन एक्सप्रेस में संयुक्त रूप से दिलदारनगर से जांच अभियान चलाना शुरू किया। जैसे ही ट्रेन बिहार के बॉर्डर पर आई तो एक बोगी में कुछ लोगों पुलिस को



देखकर इधर-उधर भागने की कोशिश करने लगे। इसी पर जवानों को शक हुआ।

जवानों ने बोगी में जांच तेज किया तो विभिन्न बोगियों से शराब मिलना शुरू हुआ। इसके बाद जवानों ने करवाई और तेज की तो पहले एक तस्कर को पकड़ा गया। उसके निशानदेही पर विभिन्न बोगियों में छापेमारी कर 29 तस्करों को पकड़ा गया। साथ ही 1214 लीटर शराब भी जब्त किया गया। जिसकी कीमत लगभग 10 लाख रुपए आंकी जा रही है। पुलिस ने सभी तस्करों को बक्सर स्टेशन पर उतारा और पूछताछ शुरू की गई। जहां सभी ने बताया कि वह शराब लेकर अपने इलाके में बेचने का काम करते हैं। ट्रेन के माध्यम से वह पहले भी शराब की खेत ले जा चुके हैं। पुलिस ने पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया।

## जाति आधारित जनगणना के लिए 92 प्रगणक व 21 पर्यवेक्षक चयनित

**केटी न्यूज/केसठ**

उच्च विद्यालय केसठ में जाति आधारित जनगणना को लेकर शुक्रवार से दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी सह चार्ज पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण दो दिवसीय है। शनिवार को इसका समापन होगा। पहले दिन प्रशिक्षण में केसठ, रामपुर और कतिकनार पंचायत के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में प्रगणक के लिए चिन्हित लगभग सभी शिक्षक उपस्थित हुए।

उच्च विद्यालय केसठ में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 92 प्रगणक व 21 पर्यवेक्षक चयनित किए गए हैं। जिन्हें प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक की भूमिका मनोज कुमार,



पंकज कुमार मिश्र एवं प्रमोद कुमार द्वारा निभाई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जाति आधारित गणना 2022 के तहत सर्वे करने वाले प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें एनपीआर से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि प्रत्येक प्रगणक को अपने निर्धारित क्षेत्र में घर घर जाकर जाति आधारित जनगणना करना है तथा प्रत्येक दिन का रिपोर्ट अपने पर्यवेक्षक को देना है। केसठ के साथ ही राजपुर में भी यह प्रशिक्षण दिया गया है।

## शरारती तत्वों ने तोड़ डाली बाबा साहब की प्रतिमा की उंगली, लोग बोले- दोषियों पर हो कानूनी कार्रवाई

**केटी न्यूज/राजपुर**

जिले के राजपुर मुख्यालय परिसर में स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की एक उंगली को शरारती तत्वों ने तोड़ डाला है। जिसको लेकर बसपा एवं सामाजिक कार्यकताओं ने विरोध जताया है। बताया जाता है कि आगामी तीन जनवरी को सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसर पर यहां कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसकी साफ-सफाई करने के लिए पहुंचे बसपा नेता वंशनारायण राम, सरोज कुमार साधु ने पहुंचते ही देखा कि बाबा साहब की प्रतिमा की एक अंगुली तोड़कर तोड़ दी गयी है। साथ ही, मूर्ति के कुछ हिस्से में दरार पड़ गयी है। जिसे देख इसकी सूचना तत्काल बीडीओ इंदुवाला सिंह, सीओ सोहन राम, राजपुर थाना अध्यक्ष युसूफ अंसारी को दी गयी।



सूचना मिलते ही मौके पर सभी अधिकारी पुलिस बलों के साथ पहुंचकर जांच में जुट ये है। वहां लोगों ने इसकी घोर निंदा की। कहा कि जो भी इस घटना के जिम्मेदार हैं, उनपर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। नील कमल प्रसाद, विद्यासागर राम, रामनिवास राम, अरविंद राम, रामानुज राम सहित अन्य लोगों ने कहा कि परिसर में इस तरह की घटना काफी शर्मनाक है। थाना अध्यक्ष युसूफ अंसारी ने कहा कि शीघ्र ही इस मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। पता लगते ही दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इंदुवाला सिंह ने कहा कि टूटी हुई प्रतिमा का 24 घंटे के अंदर मरम्मत किया जाएगा। किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना ना हो इसको लेकर इन्होंने आम जनों से शांति बनाए रखने की अपील भी किया। साथ ही प्रतिमा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सुरक्षा गार्डों की नियुक्ति की गयी है।

## कड़ाके की ठंड में घंटों विलंब से चली ट्रेनें, यात्री हुए हलकान

# मौसम की मार: घने कोहरे के कारण थमी ट्रेनों की रफ्तार

- सर्द पछुआ हवा से बढ़ रही है ठिठुरन और गलन, जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त

**केटी न्यूज/बक्सर**

दिसंबर माह के विदा होते-होते ठंड और घने कोहरे ने अपना विकराल रूप दिखाना शुरू कर दिया है। जिसके चलते आम जनजीवन बेहाल हो चुका है। कभी सर्द पछुआ हवा से ठिठुरन और गलन बढ़ रही है तो वहीं पूरवा हवा के कारण घने कोहरे का साया दोपहर तक छाया रह रहा है। जिसके चलते शहर की सड़कों पर सियापा छाया रह रहा है।



बक्सर स्टेशन के पास छाया कोहरा

पड़ रही कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के कारण लोग घरों में दुबके रह रहे हैं। वहीं सड़कों का सूनापन आवश्यक कार्यों से शहर में आने वाले लोगों से टूट रही है। अहले सुबह जब बक्सर स्टेशन का जायजा लिया गया तो सर्द हवाओं से बचने के लिए यात्री लिहाफ ओढ़े बेंच पर बैठे ट्रेनों की प्रतीक्षा करते नजर आए, तो दूसरी ओर नगर प्रशासन द्वारा अलाव की व्यवस्था नहीं होने की दशा में रद्दी जला अलाव तापते नजर आए।

### सड़क परिचालन भी हुआ प्रभावित

**बक्सर।** घने कोहरे के चलते रेल के साथ ही सड़क परिचालन भी बूरी तरह से प्रभावित हुआ है। खासकर सुबह में विजुविलीटी बहुत कम थी। जिससे वाहनों के रफ्तार पर अनायास ही ब्रेक लग गया था। सुबह में वाहन चालक दुर्घटना से बचने के लिए हेड लाईट के साथ ही इंडिकेटर जलाने को मजबूर हो रहे थे। सड़क पर 15 से 20 मीटर के बाद कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा था। जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। सुबह के 11 बजे तक यही स्थिति रही। इसके बाद धीरे धीरे कोहरा छंटा। लेकिन पूरे दिन सूर्य के दर्शन नहीं हुए। दोपहर में कुछ देर के लिए बादलों व धूंध के ओट के बीच सूर्य की रौशनी जरूरी दिखाई पड़ी। लेकिन उसमें गर्मी न के बराबर थी। जिससे पूरे दिन लोग ठंढ से ठिठुरते रहे। वहीं, धूप ढलते ही सर्द पछुआ हवाओं के कारण ठंड बढ़ने लगी। जिसके कारण अंधेरा होते ही सड़के सूनसान हो चली।

### घंटो विलंबित हुई ट्रेनें

पूर्व मध्य रेलवे दानापुर मंडल के पटना डीडीयू रेल प्रखंड पर घने कोहरे के कारण ट्रेनों का परिचालन काफी विलंबित हुआ। जिसके कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अप रूट से गुजरने वाली हावड़ा अमृतसर मेल 2 घंटे, विभूति एक्सप्रेस डेढ़ घंटे, फरक्का एक्सप्रेस 1 घंटे विलंब से स्थानीय स्टेशन पर पहुंची तो वहीं दूसरी ओर डाउन रुट की मगध एक्सप्रेस 6 घंटे, सिकंदराबाद दानापुर एक्सप्रेस डेढ़ घंटे, ब्रह्मपुत्र मेल 4 घंटे के लगभग विलंब से पहुंची। जिसके चलते यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## पेरोल के बाद आठ दिनों से फरार कुख्यात आशीर्वाद मिश्र गिरफ्तार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

- मां के निधन पर मिला था पांच दिनों का पेरोल
- कोर्ट की अवमानना करने के आरोप में भेजा गया जेल

पे रोल पर जेल से बाहर आने के बाद फरार चल रहे कुख्यात अपराधी आशीर्वाद मिश्र को कोरानसराय पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसकी मां की मौत के बाद न्यायालय ने 18 से 22 दिसंबर तक उसे पे रोल दिया था। मां का श्राद्ध 21 दिसंबर को था और नियमों के मुताबिक उसे 22 दिसंबर को कोर्ट में समर्पण करना था। लेकिन निर्धारित अवधि बीतने के बाद भी वह फरार चल रहा था। कोर्ट के निर्देश पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

कोरानसराय थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि कोर्ट के आदेश की अवमानना करने पर उसे जेल भेजा गया है। गौरतलब है कि सिकरौल थाना क्षेत्र के पांडेयपुर गांव निवासी अपराधकर्मी आशीर्वाद मिश्र पर उसके पड़ोसी तथा पिता के मित्र रहे एक पेंशनर ने झांसा दे उसके खाते से करीब 27 लाख रूपया निकाल लेने का आरोप लगाते हुए कोरान सराय थाना में मामला दर्ज कराया था। इसके बाद कोरानसराय पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। लेकिन मां की मौत के बाद उसे पे रोल मिला था।

## छोटी खबरें

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बलिया।** बैरिया थाना अंतर्गत बकुल्हां-संसार टोला तटबंध मार्ग पर नौकाटोला इब्राहिमाबाद नवबरार के सामने गुरुवार की देर शाम ट्रैक्टर के धक्के से लाला टोला निवासी सुनील कुमार महतो 40 वर्ष की मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची बैरिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया है। मृतक की पत्नी किरण देवी के तहरीर पर ट्रैक्टर चालक पुतुल यादव पुत्र कृष्ण भगवान यादव निवासी नवकाटोला इब्राहिमाबाद नवबरार के खिलाफ बैरिया थाने में केस दर्ज कर पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है। एसएचओ बैरिया धर्मवीर सिंह ने बताया कि मृतक सिताबदियारा लालाटोला थाना रिविलगंज सारण (बिहार) का रहने वाला था। वह अपनी बाइक से घर से टोला शिवनराय जाने के लिए निकला था। तभी नवकाटोला के पास यह दुर्घटना हुई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस केस दर्ज कर मामले की आगे की कार्यवाही में लगी हैं।

### पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**बलिया।** बहेरी निवासी सेराजुद्दीन खान ने शुक्रवार को एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। बताया कि तीन दिन बीत जाने के बावजूद शहर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। जबकि घटना के दूसरे ही दिन एसपी द्वारा शहर कोतवाली पुलिस को निर्देश दिया गया था कि मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। लेकिन अफसोस शहर कोतवाली पुलिस अभी हाथ पर हाथ धरे बैठी है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बीते 27 दिसंबर की शाम बहेरी निवासी सेराजुद्दीन चंद्रशेखर नगर स्थित अपने डेरे पर गया हुआ था,जहां छह से सात की संख्या में बदमाशा ने सेराजुद्दीन को घेर को मारपीट दिया था। इस मामले में तहरीर देने के बावजूद अभी तक शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। ऐसे में पीड़ित सेराजुद्दीन खान ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

### अचेत अवस्था में पाया गया युवक

**मऊ।** दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के रैनी गांव के पास पानी भरे गड्ढे में एक अज्ञात व्यक्ति अचेत अवस्था में पाया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जाता है कि एक 30 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के रानी गांव के पास एक पानी भरे गड्ढे में पढ़ा हुआ था। राहगीरों ने उसे पानी से निकालकर सड़क पर रख दिया। पुलिस को सूचना दी पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति का कपड़ा बदल कर तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# वेद प्रीमियर लीग में सैदपुर ने सदर तहसील को हरा क्रिकेट प्रतियोगिता में मारी बाजी

- राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ सैदपुर व सदर तहसील के बीच खेला गया क्रिकेट मैच

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

सैदपुर क्षेत्र के बासुपुर स्थित वेद इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में गुरुवार की देर शाम तक चले क्रिकेट प्रतियोगिता में एक अद्भुत नजारा देखने को मिला। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय ने वेद प्रीमियर लीग नामक अनोखी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया।

जिसमें तहसील सैदपुर और तहसील सदर के मध्य क्रिकेट प्रतियोगिता खेली गईं। प्रतियोगिता में वेद इंटरनेशनल स्कूल के खेल विभाग द्वारा एक अलग नियम का पालन किया जाना सुनिश्चित था। प्रतियोगिता दस-दस ओवरों का खेला गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागी खिलाड़ी भी कोई प्रोफेशनल बल्लेबाज व गेंदबाज नहीं, बल्कि सदर व सैदपुर तहसील में कार्यरत तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो व लेखपाल संघ के पदाधिकारीगणों से सजी राजस्व विभाग के कर्मचारी थे। जिन्होंने इस अनोखी क्रिकेट प्रतियोगिता का जमकर लुफ्त उठाया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने टॉस कराकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।



मैच के बाद पुरस्कार लेते कर्मचारी

शानदार खेल का प्रदर्शन कर रही दोनों ही टीमों में कभी जीत का पलड़ा सैदपुर तहसील के पाले में, तो कभी तहसील सदर के पाले में झुक रहा था। लेकिन अन्तोगत्वा तहसील सैदपुर ने मैच सात विकेट से जीत कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता व उपविजेता टीमों को समापन समारोह के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता ने ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित कीं। तहसीलदार सैदपुर नीलम उपाध्याय ने सभी खिलाड़ियों को स्वर्ण व रजत पदक देकर कर सम्मानित किया। मैच में बेस्ट बैट्समैन व मैन ऑफ दी मैच का अवार्ड सैदपुर के कप्तान नायब तहसीलदार आशीष सिंह को मिला। बेस्ट बॉलर सैदपुर के मुकेश यादव व बेस्ट फील्डर का अवार्ड सदर के अखिलेश कुमार को प्राप्त हुआ।

इस मौके पर वेद इंटरेंशनल स्कूल के चेयरमैन अनिल कुमार श्रीवास्तत्व, गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी के निदेशक अमित कुमार सिंह, सैदपुर नगर के चेयरमैन शशि शोनकर, उप प्रधानाचार्य रितेश मिश्रा, तहसीलदार सदर अभिषेक कुमार, नायब तहसीलदार सैदपुर आशीष सिंह ,नायब तहसीलदार सदर राहुल सिंह व अजय वर्मा , नायब तहसीलदार जमानियां अवनीश कुमार, तहसील सैदपुर लेखपाल संघ के अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, तहसील सदर लेखपाल संघ के अध्यक्ष मुकुंद राय उपस्थित थे। अंत में प्रतियोगिता के संयोजक व वेद इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंध निदेशक पंकज श्रीवास्तव ने सबका आभार प्रगट किया ।

## सीबीएसई ने दसवीं व बारहवीं की बोर्ड की परीक्षाओं की तिथिवार कर दी है घोषणा

# 15 फरवरी से होंगी सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं प्रतियोगी परीक्षाओं को देखते हुए डेटशीट जारी

- परीक्षा को लेकर विद्यालयों और कोचिंग सेंटरों में विशेष टिप्स देने में लगे हैं शिक्षक
- 10वीं कक्षा के प्रैक्टिकल की परीक्षाएं दो जनवरी से 14 फरवरी तक चलेंगी, 12वीं के लिए बाहर से आएंगे परीक्षक



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10 और कक्षा12 की बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हो रही है। सीबीएसई ने गुरुवार को दसवीं और बारहवीं की बोर्ड की परीक्षाओं की तिथिवार घोषणा कर दी है। दोनों ही कक्षाओं की बोर्ड की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होंगी। सीबीएसई की ओर से दोनों कक्षाओं के छात्रों की सुविधा के लिए हर परीक्षा के बीच में पर्याप्त अंतराल दिया गया है। बोर्ड द्वारा टाइम टेबल जारी होते ही छात्र पूरे मनोयोग से तैयारी में जुट गए हैं। विभिन्न विद्यालयों व कोचिंग सेंटर में भी परीक्षा के मद्देनजर अब छात्रों को विशेष टिप्स देने की तैयारी चल रही है।

बता दें कि 10वीं की परीक्षाएं 21 मार्च और 12वीं की पांच अप्रैल को खत्म होंगी। कक्षा 10 की परीक्षा सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर शुरू होंगी। प्रैक्टिकल की परीक्षाएं दो जनवरी से 14 फरवरी तक चलेंगी। कक्षा 10 की प्रैक्टिकल परीक्षाओं में बाहर से परीक्षक नहीं बुलाए जाएंगे। 12वीं के प्रैक्टिकल के लिए बाहर से परीक्षक आएंगे।

सीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा पेंटिंग के साथ शुरू होगी और गणित के मानक और गणित के बेसिक पेपर के साथ समाप्त होगी। वहीं, सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा एंटरप्रेन्योरशिप के पेपर से शुरू होगी और साइकोलॉजी के पेपर के साथ खत्म होगी।

**जेईई और अन्य परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए तिथि तय की गई :** सीबीएसई ने कक्षा 10वीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षा तिथि पत्र 2023 की घोषणा करते हुए कहा कि आमतौर पर दोनों कक्षाओं में दो प्रमुख विषयों के बीच परीक्षा में पर्याप्त अंतर दिया गया है। सीबीएसई ने कहा कि कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं की तारीखें इस हिसाब से तय की गई हैं कि किसी छात्र की दो विषयों की परीक्षा एक ही तिथि पर न हो। केंद्रीय बोर्ड ने कहा कि 12वीं की डेट शीट तैयार करते समय जेईई मेन, नीट और सीयूईटी यूजी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तिथियों से टकराव नहीं होने का ध्यान रखा गया है।

## जल्द जारी होगी यूपी बोर्ड के 10वीं, 12वीं परीक्षा की डेटशीट

**वाराणसी।** यूपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के लिए बड़ा अपडेट आया है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपीएमएसपी) जल्दी ही बोर्ड परीक्षा की डेटशीट जारी कर देगा। परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट upmsp.edu.in पर जाकर परीक्षा का शेड्यूल चेक कर पाएंगे। बताया जााता है कि परीक्षा की डेटशीट (यूपी बोर्ड परीक्षा डेट शीट 2023) 12वीं आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस तीनों स्ट्रीम के लिए जारी किया जाएगा। यूपी बोर्ड की डेटशीट में परीक्षा की तारीख, परीक्षा का समय आदि जानकारी लिखी होगी।

पिछले वर्ष की तरह इस बार भी लाखों छात्र परीक्षा में भाग लेंगे। इस बार यूपी बोर्ड परीक्षा में 55 लाख से भी ज्यादा छात्रों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। ये सभी छात्र बेसब्री से परीक्षा की डेटशीट का इंतजार कर रहे हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि दिसंबर के अंत तक डेटशीट जारी हो सकती है हालांकि बोर्ड की तरफ से अभी कोई भी कंफर्मेशन आना बाकी है। परीक्षा शेड्यूल (यूपी बोर्ड परीक्षा डेट शीट 2023) जारी होने के बाद छात्र विषयवार तरीके से अपनी तैयारी शुरू कर पाएंगे। छात्र इस बात का भी ध्यान रखें कि परीक्षा से कुछ समय पहले एडमिट कार्ड भी जारी कर दिया जाएगा जिसकी मदद से छात्र परीक्षा सेंटर तक आसानी से पहुंच पाएंगे।

## प्रशासन ने 100 स्थानों पर अवैध कब्जा व अतिक्रमण कराया खाली

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

उपजिलाधिकारी जमानिया के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ शुक्रवार को थाना क्षेत्र के ढढनी - सुहवल मार्ग स्थित मुख्य बाजार में मार्ग किनारे करीब 100 से अधिक दुकानदारों द्वारा अवैध तरीके से पटरियों के किनारे अस्थाई अतिक्रमण व अवैध कब्जे को खाली कराया गया। इसके चलते लोगों में अफरा-तफरी मची रही। इस दौरान एसडीएम भारत भार्गव ने दुकानदारों को चेताया कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण करने पर संबन्धित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उधर क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन के इस कदम की सराहना की है। लोगों ने बताया कि मार्ग से सटाकर दुकान लगाए जाने से एक तरफ जहां मार्ग सकरा होता है, वहीं बाजार के प्रमुख मार्ग पर सुबह -शाम आए दिन जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो जा रही है। इससे आवागमन करने में पैदल व वाहन सवारों को काफी दिक्कतों का सामना कर?ना पडता था। लोगों ने बताया कि पूर्व में इन अतिक्रमण से सडक हादसे भी हो चुका है। पुलिस प्रशासन के द्वारा सडक की पटरियों के किनारे, गुमटी, सब्जी, लकड़ी, ठेला, खोमचा आदि के द्वारा दुकान कर किए गए कब्जे को हटाया गया। ढढनी बाजार में दिन में भारी पुलिस बल के बूटों की आवाज से एक बारगी सहम गए कि कहीं कोई घटना तो नहीं हो गई, लेकिन जब पता चला कि पुलिस सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाने के लिए आई है। तब जाकर लोगों ने राहत महसूस किया।

## सड़क किनारे खड़ी ई-रिक्शा को बस ने मारी टक्कर, एक की मौत व तीन घायल

- हादसे के बाद चालक फरार, घायलों का चल रहा इलाज

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद के सुखपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अपयाल के भाभो के पास शिवपुर-बसंतपुर मार्ग पर शुक्रवार की सुबह स्कूली बस और ई-रिक्शा की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई।

शुक्रवार को अपायल भाभो के पास सड़क किनारे सुनील राजभर अपनी ई-रिक्शा खड़ी कर सवारी लेने का इंतेजार कर रहा था। तभी सामने से आ रही बच्चों से भरी स्कूल बस ने जोरदार टक्कर मार दी। दोनों वाहनों की हुई भिड़ंत की जोरदार आवाज सुनकर स्थानीय लोग घटना स्थल की ओर भागे। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। लोगों ने ई-रिक्शा में फंसे हुए यात्रियों को बाहर निकाला और एम्बूलेंस को सूचना दी। इस बीच चालक की तलाश की जाने लगी। वहीं, घटना के बाद बस चालक वहां से भाग निकला। पुलिस जवानों ने सभी 15 बच्चों को स्कूल भेजा। इस बीच चालक सुनील राजभर की मौत की सूचना मिली। वहीं, घटना में जख्मी मिथुन चौहान, संजय और उपेन्द्र जिला अस्पताल में इलाजरत हैं। वहीं, घटना में ई-रिक्शा चालक की मौत की सूचना पर परिजन भी सदर अस्पताल पहुंचे। जहां सुनील का शव देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।



घटनास्थल पर जुटी लोगों की भीड़

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सांसद आदर्श ग्राम सेवापुरी ब्लॉक के पूरे गांव में जनचौपाल का आयोजन

# हर शुक्रवार गांवों में नियमित रूप से लगेगा जनचौपाल: डिप्टी सीएम

- उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से सीधी बात की और सुनी उनकी समस्याएं
- पीएम की मां के निधन पर श्रद्धांजलि देने के बाद शुरू हुई जनचौपाल

**केटी न्यूज/वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सांसद आदर्श ग्राम सेवापुरी ब्लॉक के पूरे गांव से शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने जनचौपाल कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्लॉक स्तर पर ही गांव वालों की समस्या के समाधान होगा। सरकार इसके लिए कार्यक्रम तैयार कर लिया है। इसके लिए गांवों में जनचौपाल नियमित रूप हर शुक्रवार को होगा। पूरे के अलावा आराजीलाइन ब्लॉक के बभनियांव गांव, चिरईगांव ब्लॉक के चिरईगांव में लगी जनचौपाल में उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से सीधी बात की और उनकी समस्याएं सुनीं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूह से महिलाओं को सम्मान भी प्राप्त हुआ है और वे स्वावलंबी भी बनीं हैं। डीबीटी से योजनाओं के पात्र गरीब लाभार्थियों तक सीधे उनके खाते में पैसा भेजा जा रहा है। सरकार गांव, गरीब किसान, महिला, नवयुवकों के उत्थान एवं प्रगति के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जल जीवन मिशन योजना के तहत प्रत्येक घर को हर घर नल योजना से जोड़ने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।




कार्यक्रम में मंचासीन उप मुख्यमंत्री व अन्य

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के निधन पर श्रद्धांजलि देने के बाद जनचौपाल की शुरूआत हुई। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि दुख की इस घड़ी में भी प्रधानमंत्री देश के हर परिवार को परिवार मानकर काम करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में हुई शोकसभा में दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी में योगी आदित्यनाथ की सरकार सभी के कल्याण के लिए प्रयासरत और प्रतिबद्ध है। जो भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं से कतिपय कारणों से छूट गए होंगे, उनको भी लाभान्वित कराया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत और भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बनाने में सरकार अग्रसर है। गुंडों और अपराधियों पर लगाम लगाया गया है। जिन पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिला है। वे अपना नाम दर्ज कराए। अधिकारी जांच कर पात्रों को योजना का लाभ दिलाए। आप लोगों की जो भी समस्या है, हमें लिखित रूप से दे दें। गांवों में 24 घंटे बिजली की उपलब्धता दिलाने की बात कही। उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्टॉलों के निरीक्षण के दौरान समूहों के उत्पाद की सुगमता से बिक्री के लिए बाजार उपलब्ध कराने को कहा।

इसमें उप मुख्यमंत्री के साथ कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, महापौर मृदुला जायसवाल, एमएलसी लक्ष्मण आचार्य, पूर्व विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह, पूर्व महापौर कौशलेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा के अलावा जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### दिलदारनगर रेलवे स्टेशन पर स्वास्थ्य मंत्री का लोगों ने किया जोरदार स्वागत



**गाजीपुर।** स्वास्थ्य राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश का देवघर जाते समय दिलदारनगर रेलवे स्टेशन पर क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी राम सिंह के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया। बता दें की अमेठी जिले के तिलोई विधानसभा अंतर्गत विधायक राजा मनकेश्वर शरण सिंह उत्तर प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य राज्य मंत्री हैं। गुरुवार की शाम वह उपासना एक्सप्रेस से देवघर झारखंड जा रहे थे कि जैसे ही लोगों को पता चला लोग उनका स्वागत करने के लिए दिलदारनगर रेलवे स्टेशन पहुंच गए। ट्रेन प्लेटफार्म पर जैसे ही रुकी क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी राम सिंह ने राजा मनकेश्वर शरण सिंह एवं तिलोई ब्लॉक प्रमुख मुन्ना सिंह को माल्यार्पण कर एवं माँ कामाख्या को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस दौरान समर्थकों द्वारा मां कामाख्या के गगनभेदी जयकारे भी लगाए जा रहे थे। राम सिंह द्वारा स्वास्थ्य राज्यमंत्री से गहमर पीएचसी पर मूलभूत सुविधाओं एवं अन्य आवश्यक जरूरतों के बाबत बात कर अवगत कराया गया। जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने एक पत्रक देने की बात कह उन्हें पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर दिग्विजय सिंह उर्फ गुलटेनी सिंह, अशोक सिंह,मृत्युंजय सिंह,धीरेंद्र सिंह,बिद्धू,सुदामा सिंह,उमेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### डायल 112 जागरूकता अभियान का हुआ उद्घाटन




**गाजीपुर।** शहर कोतवाली थाना अंतर्गत लंका ट्रैफिक बूथ के पास डायल 112 जागरूकता अभियान का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर डायल 112 नंबर पर मिलने वाली सुविधाओं तथा इससे होने वाले लाभ के बारे में वहां मौजूद लोगों से बताया गया। उपस्थित लोगों से अन्य लोगों को भी 112 नंबर के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ ग्रामीण, सीओ सिटी, 112 प्रभारी तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

### वही आचरण करें, जो शास्त्रों व वेदों में वर्णित है



**बलिया।** गड़हांचल के बघौना में शुक्रवार को श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का शुभारम्भ गंगा पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण त्रिदंडी स्वामी जी महाराज ने किया। उन्होंने कहा कि मनुष्यों को वही करना चाहिए जो वेदों, शास्त्रों और संतों ने कहा कि है। त्रिदंडी स्वामी बघौना में साल के अंतिम सप्ताह में आते हैं। इस बार भी वे पहुंचे हैं। गांव के बाहर विशाल मैदान में लगे पंडाल में उनकी कथा चार जनवरी तक चलेगी। पहले दिन का प्रवचन प्रारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा किए हुए कर्मों का फल ही सुख और दुख के रूप में प्राप्त होता है। जैसे हम दुख नहीं चाहते तब भी वो हमारा पीछा नही छोड़ता। ठीक उसी प्रकार से हम नहीं कामना करेंगे तो भी हमारा सुख, हमारा आनंद हमारे साथ ही रहेगा। हमें अपने कर्मों को अच्छे से करना चाहिए। जो वेद और शास्त्र कहता है व संत कहते हैं, उन कार्यों को करना चाहिए। कहा कि जो भी भोग आज हम भोग रहे हैं, उसमें अगले जन्म का किया धरा है। कोई कहता है हम इतना पूजा पाठ करते हैं तब भी कष्ट होता है। जैसे कोई अंधा या लंगड़ा है। जो भी है ये सब पूर्व का प्रारब्ध है। जिसने पूर्व जन्म में अपने मां की हत्या किया हो वही अंधा होता है। जिसने जंगल में विचरण करने वाले हिरन की हत्या किया हो वही लगड़े हो के आते हैं। इसीलिए जीवन में कोई गलत कार्य न करें।

### श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का हुआ समापन



**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना सनबीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण के सप्तम एवं अंतिम दिवस पर परम पूज्य ज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज ने गौ वंश के संरक्षण संवर्धन की बात कही उन्होंने कहा की गौ वंश की आंखें मानो ऐसा प्रतीत होती हैं जैसे स्वयं स्वयंभू भगवान शंकर समाधि लगाए हों,गौ माता के रोम रोम में ईश्वर वास करते हैं। महाराज जी ने कहा सनातनी मेधा हरण की नहीं वरण अर्पण की सूचक है,इसी क्रम में महाराज जी ने बताया की भारत वर्ष की नदिया,पर्वत,अरण्य सभी अपने अंदर सनातनियो की अमर गाथा एवं ऋषि मेधा को समेटे हुए हैं। स्वामी जी ने भांडीर वन की कथा पर प्रकाश डालते हुए कहा की जो कुछ भी वेदों द्वारा साधारण जन मानस को विदित है वह सर्वदा असाधारण है हमें अपनी संस्कृतियों का सम्मान करना चाहिए महाराज जी ने कहा कृष्ण रुक्मिणी प्रणय का साक्षी भांडीर वन है। आज कथा का अंतिम सोपान श्री कृष्ण द्वारकाधीश और माता रुक्मिणी के प्रणय विवाह के साथ सम्पन्न हुआ साथ ही महाआरती के बाद भक्तों में प्रसाद वितरित हुआ मौके पर डायरेक्टर पंकज सिंह,हृदयनारायण सिंह सहित सैकड़ों भक्तो की भीड़ उपस्थित थी।